● सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 187, पृष्ठ : 08, सीधी, रविवार, 18 अगस्त 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

हक की बात, बुलंदी के साथ

# विन्ध्य टाइगर



उद्धव ठाकरे ने बढ़ाई कांग्रेस की टेंशन 5



तीन महीने के ब्रेक पर रहेंगी मनु 6

## दिल्ली में भाजपा की बैठक, शाह-नड्डा मौजूद, प्रदेश अध्यक्ष और महासचिव भी शामिल

# पार्टी के नए अध्यक्ष और विधानसभा चुनावों पर चर्चा



**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा मुख्यालय में शनिवार को पार्टी के राष्ट्रीय और प्रदेश के नेताओं की बैठक हो रही है। इसमें पार्टी अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह शामिल हुए। बैठक में प्रदेश अध्यक्षों, महासचिवों और प्रभारियों को भी बुलाया गया है।

सूत्रों के मुताबिक, बैठक में पार्टी के सदस्यता अभियान को अंतिम रूप दिया जाएगा। नए पार्टी अध्यक्ष के चुनाव से पहले यह अभियान पूरा किया जाएगा। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनावों को लेकर भी बातचीत होगी।

इसके अलावा पार्टी के नए अध्यक्ष पर भी बैठक में चर्चा होगी। पार्टी में एक व्यक्ति एक पद सिद्धांत के तहत जेपी नड्डा की जगह नया पार्टी अध्यक्ष चुना जाना है। नड्डा अभी केंद्र में स्वास्थ्य मंत्री हैं, ऐसे में उन्हें पार्टी अध्यक्ष का पद छोड़ना पड़ेगा। इसके अलावा कुछ प्रदेश अध्यक्षों की भी नियुक्ति होनी है।

जेपी नड्डा जून 2019 में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बने थे। इसके बाद 20 जनवरी 2020 को पूर्णकालिक अध्यक्ष बनाए गए। इसी साल फरवरी में उनका कार्यकाल जून 2024 तक बढ़ाया गया था।लोकसभा चुनाव के बाद मोदी सरकार 3.0 में उन्हें स्वाथ्य मंत्री बनाया गया था। भाजपा में एक व्यक्ति एक पद का नियम है। इसलिए नड्डा को अध्यक्ष पद छोड़ना है। भाजपा अध्यक्ष को लेकर 2 विकल्पों पर चर्चा हाल ही में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के घर पार्टी अध्यक्ष को लेकर भाजपा और आरएसएस नेताओं की बैठक हुई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, नए अध्यक्ष को लेकर दो बातों पर चर्चा हुई। पहला- जल्द ही कोई कार्यकारी अध्यक्ष बनाया जाए, उसे ही बाद में अध्यक्ष का जिम्मा मिले। दूसरा- महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड के विधानसभा चुनावों के बाद नए कार्यकारी अध्यक्ष की घोषणा हो।

भाजपा ने शनिवार को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए सदस्यता अभियान प्रभारी नियुक्त किए हैं। सूत्रों के अनुसार, विनोद तावड़े को राजस्थान, मध्य प्रदेश, गोवा, दमन दीव और दादरा नगर हवेली का प्रभारी नियुक्त किया गया है। पार्टी महासचिव दुष्यंत गौतम को पश्चिम बंगाल, सिक्किम, त्रिपुरा और ओडिशा का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, लद्दाख और चंडीगढ़ में सदस्यता अभियान का काम देखेंगी। डी पुरंदेश्वरी को केरल, पुडुचेरी और तमिलनाडु जबकि अरविंद मेनन को अंडमान और निकोबार, आंध्र प्रदेश, लक्षद्वीप और तेलंगाना का प्रभार दिया गया है। राजदीप रॉय- अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम और नागालैंड का काम देखेंगे। विजया रहाटकर को छत्तीसगढ़ और कर्नाटक के अलावा ऋतुराज सिन्हा को उत्तर प्रदेश और गुजरात के सदस्यता अभियान के प्रभारी होंगे। गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग उत्तराखंड और बिहार के प्रभारी होंगे। चर्चा है कि भाजपा इस बार गैर राजनीतिक परिवार से ताल्लुक रखने वाले 25-40 आयु वर्ग के युवाओं को प्रत्याशी बनाएगी।

# खुशहाल मप्र के शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति तक जारी रहेगी विकास यात्रा : डॉ. यादव

## मिशन मोड में सभी वर्गों के विकास के लिये होगा कार्य



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश ने पिछले वर्षों में प्रगति और विकास के मार्ग पर तेजी से कदम बढ़ाए हैं। समृद्ध, साक्षर, स्वस्थ और खुशहाल मध्यप्रदेश के शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के लिए शुरू की गई विकास यात्रा निरंतरता जारी रहेगी। राज्य सरकार युवा, महिला, गरीब और किसान भाइयों के विकास और कल्याण के लिए मिशन मोड में कार्य करेगी। प्रदेश में नवीन औद्योगिक इकाइयों को स्थापित करने और निवेश को बढ़ाने के लिये रीजनल इन्वेस्ट समिट का श्रृंखलाबद्ध आयोजन किया जा रहा है। मध्यप्रदेश की खुबियों और यहाँ दी जा रही सुविधाओं से निवेशक आकर्षित हो रहे है। प्रदेश के बाहर के नामी उद्योगपतियों ने राज्य सरकार के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर कर अपनी औद्योगिक इकाइयां स्थापित करने में रूचि दिखाई है। प्रदेश में आने वाले निवेश और उद्योगों से स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा, जिससे वे आत्म-निर्भरता की ओर अग्रसर होंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वतंत्रता दिवस पर प्रदेश की जनता के नाम संदेश देते हुए कहा कि विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में युवाओं की बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका है। युवाओं का संकल्प, मेहनत और सोच ही देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचायेगी। प्रदेश में शुरू होने वाला युवा शक्ति मिशन युवाओं के भविष्य को उज्ज्वल और सशक्त बनाने का संकल्प है। समय की मांग के अनुसार युवाओं को ए.आई., मशीन लर्निंग और कोडिंग जैसी उभरती तकनीकों की शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार ने 485 करोड़ रुपये का निवेश किया है। प्रदेश के 55 जिलों में पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में बायो-टेक्नालॉजी और कम्प्यूटर सांइस जैसे नए विषयों को जोड़ा गया है। पाठ्यक्रम में 35 नए व्यवसायिक विषयों को भी शामिल किया गया हैं। युवा अपने कौशल और निखार सकें तथा उन्हें बेहतर व्यवसाय के अवसर प्राप्त हों, इस उद्देश्य से मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना में इन्टर्नशिप को बढ़ावा दिया गया है।

# अमित शाह से मिले जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी के जुल्फकार अली

## बीजेपी में शामिल हो सकते हैं, नेशनल कॉन्फ्रेंस संसदीय बोर्ड सीएम फेस पर फैसला लेगा



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी के उपाध्यक्ष चौधरी जुल्फकार अली ने गृह मंत्री अमित शाह से शनिवार (17 अगस्त) को मुलाकात की। विधानसभा चुनाव से पहले दिल्ली से दोनों की बैठक हुई। अटकलें हैं कि जुल्फकार बीजेपी में शामिल हो सकते हैं।

जुल्फकार अली पेशे से एक वकील हैं। उन्होंने 2008 और 2014 के विधानसभा चुनावों में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के टिकट पर राजौरी जिले की दरहाल विधानसभा से चुनाव लड़ा था। दोनों चुनाव में उन्हें जीत हासिल हुई थी। 2015 से 2018 तक वे महबूबा मुफ्ती के नेतृत्व वाली पीडीपी-बीजेपी गठबंधन सरकार में कैबिनेट मंत्री भी रहे थे। लेकिन बीजेपी के गठबंधन सरकार से बाहर होने के बाद जून 2018 में गठबंधन की ये सरकार गिर गई थी। इसके बाद पूर्व मंत्री अल्ताफ बुखारी के नेतृत्व में कई पीडीपी नेताओं ने साल 2020 में जेकेएपी यानी जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी की स्थापना की थी। जुल्फकार अली इसके संस्थापक सदस्यों में से एक हैं।

वहीं, नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता अजय कुमार सदोत्रा ने आज कहा कि सीएम फेस को लेकर पार्टी का संसदीय बोर्ड फैसला करेगा। सदोत्रा ने कहा है कि कार्यकारिणी की बैठक में उम्मीद है उमर अब्दुल्ला विधानसभा चुनाव ना लड़ने के अपने फैसले पर पुनर्विचार जरूर करेंगे।

# मुंबई में खुदकुशी कर रही महिला को पुलिस ने बचाया

**मुंबई।** मुंबई के अटल सेतु से नीचे कूद रही एक महिला को पुलिस ने बचा लिया है। घटना शुक्रवार शाम 7 बजे की है। इसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। वीडियो में देखा जा सकता है एक महिला कार से उतरकर अटल सेतु की रेलिंग क्रॉस करती है। इस बीच पुलिस की गाड़ी भी आ जाती है। महिला जैसे ही समुद्र में छलांग लगाती है। वहां खड़ा एक शख्स महिला के बाल पकड़ लेता है। तब तक पुलिसकर्मी भी आ जाते हैं।

# कोलकाता रेप-मर्डर केस, केंद्र बोला-डॉक्टर हड़ताल खत्म करें

## सुरक्षा के लिए कमेटी बनाएंगे, आईएमए ने 24 घंटे के लिए काम रोका




**नई दिल्ली।** कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर की घटना के विरोध में रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल का शनिवार को 8वां दिन है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने भी 24 घंटे के लिए अस्पतालों में सिर्फ इमरजेंसी सेवाएं चालू रखने की बात कही है।

इस बीच, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने डॉक्टर्स से हड़ताल खत्म करने को कहा है। मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा- डॉक्टरों की मांग को लेकर कमेटी बनाई जाएगी। सुरक्षा के लिए राज्य सरकारों से भी सुझाव मांगे जाएंगे।

स्वास्थ्य मंत्रालय के इस फैसले के पहले आईएमए चीफ ने शनिवार को कहा- इमरजेंसी सेवाएं छोड़कर अस्पतालों में कामकाज बंद है। हमारी मांग है कि डॉक्टरों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। हमने ऐसा कुछ नहीं मांगा जो सरकार नहीं कर सकती है। दरअसल, 9 अगस्त को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर से रेप और हत्या की गई थी। 14 अगस्त की देर रात इसी अस्पताल में हिंसा हुई, जिसके बाद आईएमए ने देशभर में प्रदर्शन का फैसला किया था। आईएमए चीफ बोले- हम जीवन के अधिकार की मांग कर रहे हैं। यह मौलिक अधिकार है। हम प्रधानमंत्री को पत्र लिखेंगे। मामले में उन्हें हस्तक्षेप करना चाहिए। पीएम ने 15 अगस्त की स्पीच में महिलाओं की सुरक्षा की बात कही थी।

# यूपी में सीएम योगी का बहनों के लिए एलान, रक्षाबंधन पर रोडवेस में नहीं लगेगा टिकट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रक्षाबंधन पर राज्य की महिलाओं को फ्री बस सर्विस का तोहफा देते हैं। उन्होंने इस बार भी एलान किया है कि रक्षाबंधन के मौके पर 18 और 19 अगस्त तक महिलाएं बसों में फ्री यात्रा करेंगी। वह इस एलान का फायदा उठाकर अपने भाइयों को राखी बांधने बिना किराया दिए जा सकेंगी। परिवहन विभाग ने सीएम योगी के आदेशों को अमलीजामा पहनाने के लिए तैयारी पूरी कर ली है।

# भारत में बने पोर्टेबल अस्पताल क्यूब का सफल पैराड्रॉप

## इंडियन एयरफोर्स और आर्मी ने सी-130जे हरक्यूलिस से 15 हजार की ऊंचाई से ड्रॉप किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रक्षा मंत्रालय ने शनिवार (17 अगस्त) को एक वीडियो जारी किया। इसमें इंडियन आर्मी और इंडियन एयरफोर्स की टीम 15 हजार फीट की ऊंचाई से दुनिया के पहले पोर्टेबल अस्पताल का पैराड्रॉप (आसमान से जमीन पर किसी सामन को फेंकना) करती नजर आई। मंत्रालय ने जानकारी देते हुए कहा कि भारत में बने पोर्टेबल अस्पताल को सी-130जे हरक्यूलिस विमान से सफलतापूर्वक पैराड्रॉप किया गया। इंडियन आर्मी की पैरा ब्रिगेड ने प्रिसिजन ड्रॉप इक्विपमेंट्स का यूज करते हुए ट्रॉमा केयर क्यूब पैरड्राप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसका नाम आरोग्य मैत्री हेल्थ क्यूब है। क्यूब को प्रोजेक्ट भारत हेल्थ इनिशिएटिव फॉर सहयोग हित एंड मैत्री के तहत तैयार किया गया है।

# बुदनी में तिरंगा रैली में निकले केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान

## कहा-सरकार ने किए हैं 109 प्रजातियों के बीज तैयार

**सीहोर**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान बुदनी में आयोजित कार्यक्रम एवं तिरंगा रैली में शामिल हुए। केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने बुदनी में आयोजित कार्यक्रम में 14 करोड़ 70 लाख 97 हजार की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश में निरंतर विकास हो रहा है और सरकार किसानों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है, उन्होंने कहा कि खेती में यदि उत्पादन बढ़ाना हो तो नई किस्म के बीजों की आवश्यकता होती है तथा सरकार ने नई किस्मों के 109 प्रजातियों के बीज तैयार किए हैं, ताकि कृषि के क्षेत्र मे उत्पादन अधिक से अधिक हो सके।

उन्होंने कहा कि खेती में उत्पादन अधिक हो तथा लागत कम हो इसके लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है, उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली प्राथमिकता किसानों का कल्याण है। उन्होंने कहा कि पढ़ने वाले बच्चों की अच्छी शिक्षा और उनकी कोचिंग के लिए सरकार सहायता करेगी। उन्होंने कहा कि स्व.सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं की आमदनी एक लाख रुपये सालाना से अधिक करना है, उन्होंने कहा कि जनता की सेवा मैरे लिए भगवान की पूजा के समान है। गरीबों के लिए 03 करोड़ आवास और बनाए जाएंगे। अब शहरों के साथ-साथ गांवों में भी स्ट्रीट वेंडर की योजना शुरू की जाएगी। इस अवसर पर उन्होंने बहनों से संवाद भी किया तथा बहनों ने केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान को राखी भी भेंट की। कार्यक्रम में पूर्व सांसद रमाकांत भार्गव, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह राजपूत, गुरु प्रसाद शर्मा, रघुनाथ सिंह भाटी, सलकनपुर ट्रस्ट के अध्यक्ष महेश उपाध्याय, जिला भाजपा अध्यक्ष रवि मालवीय, बुदनी नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता अर्जुन मालवीय एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# भारत लाया जा सकता है 26/11 का आतंकी तहव्वुर राणा

## अमेरिकी कोर्ट ने प्रत्यर्पण के खिलाफ अपील खारिज की, मुंबई हमले की फंडिंग का आरोप

**नई दिल्ली।** 26 नवंबर 2008 के मुंबई हमलों के आरोपी तहव्वुर राणा को भारत लाने का रास्ता साफ हो गया है। प्रत्यर्पण के फैसले के खिलाफ उसकी अपील को अमेरिकी अदालत ने खारिज कर दिया है। अमेरिकी अदालत ने 15 अगस्त को अपने फैसले में कहा कि दोनों देशों के बीच प्रत्यर्पण संधि के तहत उसे भारत भेजा जा सकता है। पाकिस्तानी मूल के कनाडाई बिजनेसमैन राणा ने नाइंथ सर्किट कोर्ट में पिछले साल एक याचिका दायर की थी। उसने गुहार लगाई थी कि सुनवाई तक उसे भारत को न सौंपा जाए। मई 2023 में भी एक अमेरिकी अदालत ने राणा की तरफ से दायर याचिका को खारिज कर दिया था।

भारत को सौंपे जाने से बचने के लिए पाकिस्तानी मूल के तहव्वुर राणा ने अमेरिका की कोर्ट में हेबियस कॉर्पस यानी बंदी प्रत्यक्षीकरण दायर की थी।

# दिल्ली हाईकोर्ट का लंदन में भारतीय हाई कमीशन को निर्देश

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने लंदन में मौजूद इंडियन हाई कमीशन को एनओसी जारी करने का निर्देश दिया है। मामला भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक अल्फी रिचर्ड वाट्स की मौत का है। भारत में रहने वाला अल्फी का परिवार उसका शव भारत लाने के लिए गुहार लगा रहा है। दिल्ली हाईकोर्ट ने निर्देश में कहा है कि भारतीय हाई कमीशन अल्फी के शव को भारत लाने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करे। 29 जुलाई 2024 को भारतीय कमीशन ने एनओसी जारी करने से मना किया था। कमीशन का कहना था कि अल्फी ब्रिटिश नागरिक था। उसके पास ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया कार्ड भी नहीं था। कमीशन के इस स्टेटमेंट के बाद अल्फी के पिता ने रिपैट्रिएशन प्रोसेस (शव को एक देश से दूसरे देश लाने) के लिए हाईकोर्ट में रिट दायर की थी।

# हिमाचल में फिर बादल फटा, नेशनल हाईवे बंद

**नई दिल्ली**

हिमाचल प्रदेश के रामपुर में शुक्रवार देर रात बादल फट गया। इससे तकलेच-नोगली में 30 मीटर तक की रोड बह गई। मंडी में तेज बारिश के चलते चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे बंद हो गया।

उत्तर प्रदेश के कानपुर में गंगा नदी खतरे के निशान से सिर्फ 1 मीटर नीचे बह रही है। इससे निचले इलाकों में पानी भर गया है। करीब 50 हजार लोग बाढ़ से प्रभावित हैं।

राजस्थान में भारी बारिश के कारण जैसलमेर में बाढ़ और जलभराव की स्थिति बन गई है। मौसम विभाग ने शनिवार (17 अगस्त) को 21 राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया है।

साउथ कश्मीर के पुलवामा में भी शनिवार को बादल फटा। तेज बारिश के कारण यहां बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है। कई घरों और निचले इलाकों में पानी भर चुका है रेवेन्यू डिपार्टमेंट, एसडीआरएफ और पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया है। हिमाचल प्रदेश में 31 जुलाई की रात कुल्लू, मंडी, शिमला जिलों में बादल फटा था। इसके कारण इन जिलों में 56 से ज्यादा लोग बह गए थे। हादसे में मरने वालों की संख्या 32 हो गई है। शुक्रवार को 4 शव और बरामद किए गए। अधिकारियों ने बताया कि 14 लोग अभी भी लापता हैं।

बाढ़ और लैंडस्लाइड के कारण 58 सड़कें बंद हैं। इसमें एनएच-707 भी शामिल है। यहां चंबा, कांगड़ा, शिमला और सिरमौर जिलों में बाढ़ का अलर्ट है।

# कर्नाटक सीएम के खिलाफ भ्रष्टाचार मामले में केस चलेगा

## राज्यपाल ने मंजूरी दी, सिद्धारमैया पर जमीन के मुआवजे के लिए फर्जी डॉक्यूमेंट्स लगाने का आरोप



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ जमीन से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में केस चलेगा। राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने शनिवार (17 अगस्त) को इसकी आधिकारिक अनुमति दे दी है। सिद्धारमैया पर मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण की जमीन के मुआवजे के लिए फर्जी दस्तावेज लगाने का आरोप है।

26 जुलाई को राज्यपाल ने नोटिस जारी कर सीएम से 7 दिन में जवाब मांगा था। 1 अगस्त को कर्नाटक सरकार ने राज्यपाल को नोटिस वापस लेने की सलाह दी और उन पर संवैधानिक शक्तियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया।

एमयूडीए घोटाले में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उनकी पत्नी, साले और कुछ अधिकारियों के खिलाफ शिकायत की गई है। एक्टिविस्ट टी. जे. अब्राहम, प्रदीप और स्नेहमयी कृष्णा का आरोप है कि सीएम ने एमयूडीए अधिकारियों के साथ मिलकर महंगी साइट्स को धोखाधड़ी से हासिल करने के लिए फर्जी दस्तावेज लगाए।

साल 1992 में अर्बन डेवलपमेंट संस्थान मैसूर अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी ने कुछ जमीन रिहायशी इलाके में विकसित करने के लिए किसानों से ली थी। इसके बदले एमयूडीए की इंसेंटिव 50:50 स्कीम के तहत अधिग्रहित भूमि मालिकों को विकसित भूमि में 50% साइट या एक वैकल्पिक साइट दी गई।

1992 में एमयूडीए ने इस जमीन को डीनोटिफाई कर कृषि भूमि से अलग किया था। 1998 में अधिगृहित भूमि का एक हिस्सा एमयूडीए ने किसानों को डेनोटिफाई कर वापस कर दिया। यानी एक बार फिर ये जमीन कृषि की जमीन बन गई।

दरअसल, सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती के पास मैसुरु जिले के केसारे गांव में 3 एकड़ और 16 गुंटा जमीन थी। ये जमीन पार्वती के भाई मल्लिकार्जुन ने उन्हें 2010 में गिफ्ट में दी थी। एमयूडीए ने इस जमीन को अधिग्रहण किए बिना ही देवनूर स्टेज 3 लेआउट विकास किया था। हालांकि इस जमीन के बदले 2022 में बसवराज बोम्मई सरकार ने पार्वती को साउथ मैसुरु के पॉश इलाके में 14 साइट्स दिए थे। इनका 50:50 अनुपात योजना के तहत कुल 38,283 वर्ग फीट एरिया था।

सिद्धारमैया की पत्नी को एमयूडीए की ओर से मुआवजे के तौर पर मिले विजयनगर के प्लॉट की कीमत केसारे गांव की उनकी जमीन से बहुत ज्यादा है। स्नेहमयी कृष्णा ने सिद्धारमैया के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई। इसमें उन्होंने सिद्धारमैया पर एमयूडीए साइट को पारिवारिक संपत्ति का दावा करने के लिए डॉक्यूमेंट्स में जालसाजी का आरोप लगाया गया है। 1998 से लेकर 2023 तक सिद्धारमैया कर्नाटक में डिप्टी या सीएम जैसे प्रभावशाली पदों पर रहे। भले ही सीधे तौर पर वे इस घोटाले से न जुड़े हों, लेकिन उन्होंने अपने पावर का इस्तेमाल कर करीबी लोगों की मदद की। सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती के भाई मल्लिकार्जुन ने साल 2004 में डेनोटिफाई 3 एकड़ जमीन अवैध रूप से खरीदी थी। 2004-05 में कर्नाटक में फिर कांग्रेस-जेडीएस गठबंधन की सरकार में सिद्धारमैया डिप्टी सीएम थे।

योजना के तहत, जिन लैंड ओनर्स की भूमि एमयूडीए द्वारा अधिग्रहित की गई है। उन्हें मुआवजे के रूप में अधिक मूल्य की वैकल्पिक साइटें आवंटित की गई हैं। साथ ही रियल एस्टेट एजेंट्स को भी इस स्कीम में जमीन दी गई है।

# भाजपा कार्यकर्ता एवं मतदाता अभिनंदन समारोह सम्पन्न

## सिंगरौली विधानसभा के बूथ स्तरीय तक के कार्यकर्ताओं एवं मतदाताओं का किया गया अभिनंदन




**सिंगरौली।** प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी सिंगरौली ने पिछले लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों में पार्टी के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये एक कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह आयोजित किया। जिला कार्यालय के सभागार में आयोजित अभिनंदन समारोह में विधानसभा सिंगरौली के बूथ स्तर तक से आये कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र पहना कर उनका अभिनंदन किया गया तथा उनको उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। ? कार्यकर्ताओं के अभिनंदन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद डॉ राजेश मिश्रा उपस्थित रहे तथा समारोह की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक सिंगरौली राम निवास शाह, लोकसभा चुनाव सह संयोजक नरेश शाह, विधानसभा प्रभारी संतोष वर्मा, निगम अध्यक्ष देवेश पांडेय उपस्थित रहे। जिला मीडिया प्रभारी नीरज सिंह परिहार ने बताया कि कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ भारत माता एवं पितृ पुरुषों के छायाचित्र पर माल्यार्पण से हुआ। अपने स्वागत उद्बोधन में जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता ने सबसे पहले मंचासीन अतिथियों तथा विधानसभा के प्रत्येक बूथ से आये कार्यकर्ताओ का स्वागत अभिनन्दन किया तथा उनके प्रयासों के लिये उनका आभार प्रकट किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि हमारे संगठन की गतिविधियां निरंतर चलती रहती हैं और हम?सब निरंतर अपने कार्यकर्ताओं के सम्पर्क में रहते हैं। केवल चुनाव ही हमारे केंद्र में नहीं होता हमारी सांस्कृतिक गतिविधियां भी निरंतर चलती रहती हैं। इसी निरंतरता का परिणाम है कि हमारे कार्यकर्ताओं ने लगातार विधानसभा एवं लोकसभा के चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाया है। सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह ने कहा कि हम सब दीनदयाल उपाध्याय जी के एकात्म मानववाद के सिद्धांतों पर चलने वाले लोग हैं। हमारा ध्येय ही कार्यकर्ता आधारित है तथा हमारे लिये हर कार्यकर्ता आदरणीय है। बूथ जीता तो चुनाव जीता सिद्धांत को हमने धरातल पर उतार कर हमारे कार्यकर्ताओं ने इस विजय का श्रृजन किया है इस लिए हर कार्यकर्ता को सम्मान देने के लिये हम ये कार्यक्रम कर रहे हैं। कार्यकर्ताओं के सम्मान में बोलते हुए सांसद राजेश मिश्रा ने कहा कि आज जो देश में तीसरी बार और प्रदेश में पांचवीं बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है उसके सूत्रधार आप सभी देवतुल्य कार्यकर्ता हैं। ये भारतीय जनता पार्टी की ही संस्कृति है जो कि अपने कार्यकर्ताओं का सम्मान करती है। संसद सत्र के दौरान यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हम सबसे कहा था कि आपको यहां तक भेजने वाले हर एक कार्यकर्ता को आप सम्मान देना इसलिए मैं आज आप सबको प्रणाम कर अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं आपने मुझको अपना सेवक चुना है? । सांसद जी ने कहा कि लोकसभा के प्रश्नकाल में मैंने आप सबकी समस्याओं से संबंधित कई प्रश्न उठाये हैं और सभी समस्याओं का सार्थक हल भी करके दूंगा। मैं सांसद बाद में पहले आपका सेवक हूं इसलिए सदा सेवक के रूप में ही आपको सेवा देता रहूंगा। हमारे बूथ स्तर तक के जिन कार्यकर्ताओं ने अच्छा प्रदर्शन किया है निश्चित ही संगठन उनके अच्छे दायित्व पर भेजेगा और उनको वरीयता देगा। स्वागत समारोह कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुंदरलाल ने किया तथा आभार प्रकटन जिला महामंत्री राजकुमार दुबे ने किया। सम्मान समारोह में समस्त मंडलों के अध्यक्ष एवं उनकी टीम, बूथ अध्यक्ष एवं उनकी पूरी टीम, शक्ति केंद्र के कार्यकर्ता तथा विधानसभा क्षेत्र के समस्त जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बालिका छात्रावास चितरंगी से नहीं हो रहा मोह भंग

# सरकारी आदेश को ठेंगा दिखाकर सहायक वार्डन बनी दबंग

**सिंगरौली।** जिले में स्थित कस्तूरवा गांधी बालिका छात्रावास में पदस्थ सहायक वार्डनो को जिला कलेक्टर सिंगरौली के अनमोदन के पश्चात स्थानांतरण किया गया है। कार्यालय कलेक्टर जिला शिक्षा केंद्र जिला सिंगरौली के आदेश 838/ दिनांक 5 अगस्त 2024 स्थापना।जिला नियुक्ति समिति के निर्णय के अनुक्रम में उर्मिला सोनी सहायक वार्डन को दिनांक 20.मार्च .2008 को कस्तूरवा गांधी बालिका विद्यालय चितरंगी में सहायक वार्डन पद पर पदस्थ किया गया था।राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के पत्र क्रमांक/ एसजीयू/ टीएल/ 2019 / 8087 भोपाल दिनांक 17.12.2019 के परिपालन में 05 वर्ष से अधिक समय होने पर दिनांक 29.07. 2024 को जिला नियुक्ति समिति के अनुमोदन उपरांत वरिष्ठता क्रम में लाटरी पद्धति द्वारा चुनी गई संस्था नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालिका विद्यालय पड़री में सहायक वार्डन पद पर पदस्थ किया गया है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक चितरंगी से उर्मिला सोनी का मोह भंग नहीं हो रहा है। जो यह दर्शाता है कि स्थानांतरण हो जाने पर अन्य त्रिज्या जगह चितरंगी की अपेक्षा कर्तव्यों को सक्रियता के साथ पूरा करना पड़ेगा क्योंकि चितरंगी में रहकर अधिकतर आए दिन वार्डनो से इनका लड़ाई झगड़ा अक्सर हुआ करता था, तथा उर्मिला के पति आरपी सोनी अधिकतर पत्रकारिता का धौंस भी दिखाया करते थे यही वजह है अभी तक हॉस्टल में जहां रहती थी।उस कमरा खाली नहीं किया गया है। जबकि पड़री हॉस्टल में इनकी ज्वाइन हो गई है।सुरु में तो इनके द्वारा तमाम अधिकारियों और राज्यमंत्री के ऊपर आरोप लगाया गया लेकिन प्रशासन के आदेश को तो पालन करना अनिवार्य है। चितरंगी कस्तूरवा गांधी बालिका छात्रावास में इनका कार्यकाल 17 वर्षो का रहा।इनके कार्यकाल में जितने वार्डन आई उनके हमेशा तालमेल नहीं रहा।जिसका सबसे बड़ा कारण था की अपने पूरे परिवार के लिए खर्चा और रहने के लिए हॉस्टल एलाऊ हो जाय तो खुश रहती थी,ऐसा नहीं होने पर अक्सर वार्डनों के साथ कुछ न कुछ कुराफत करना इनके फितरत में है। यहां तक की वर्ष 2019 में सरोज साहू वार्डन थी। उनके साथ भी आर पी सोनी की साजिश थी जहाँ आत्मा साकेत ने फर्जी एफआईआर हरिजन एक्ट का करा दिया था।जांच के दौरान फर्जी पाया गया।इनकी प्रवृत्ति और मानसिकता में ही अराजकता फैलाना है।

जिनके संबंध में अधिकारी कर्मचारी ही नहीं बल्कि अधिक से अधिक लोग भी जानते है। अब देखना दिलचस्प यह होगा कि क्या जिला प्रशासन सहायक बार्डन द्वारा हॉस्टल में अवैध रूप से अतिक्रमित किए गए कमरे को खाली करवा पाता है या सहायक बार्डन के दबंगई के आगे शासन-प्रशासन भी घुटना टेकने को मजबूर रहेगा।

# एनटीपीसी विंध्याचल सुहासिनी संघ द्वारा बाल भवन एवं टाइनि टोट्स स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 78 वां स्वतंत्रता दिवस



**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल स्वयं सेवी संस्था सुहासिनी संघ द्वारा बाल भवन एवं टाइनि टोट्स स्कूल में हर्षोल्लास के साथ 78 वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अध्यक्षा (सुहासिनी संघ) श्रीमती सरोजा फणि कुमार द्वारा बाल भवन एवं टाइनि टोट्स में राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्षा( सुहासिनी संघ) श्रीमती नीता शर्मा, श्रीमती सारिका चतुर्वेदी, महासचिव (सुहासिनी संघ) श्रीमती शिल्पा कोहली के साथ-साथ सुहासिनी संघ की अन्य पदाधिकारी एवं सदस्याएँ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा भारत की स्वतन्त्रता, संस्कृति एवं राष्ट्रीय ध्वज से संबन्धित आकर्षक एवं मनमोहक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए, जिसकी मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अन्य अतिथियों द्वारा भरपूर प्रशंसा की गई। सभी ने इस कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया। इस दौरान मौसम भी काफी खुशगवार एवं सुहाना रहा। सभी बच्चों ने स्वतंत्रता सेनानियों और सैनिकों का प्रतिनिधित्व करने वाली रंग बिरंगी पोशाकें पहनीं, जिससे एक जीवंत और देशभक्तिपूर्ण माहौल बन गया। इस कार्यक्रम ने सभी को देशभक्ति और एकता के रंग में रंग दिया।

## अमृत जल नल फिजूल बहते हुये नगर निगम आयुक्त ने पहली बार दिखे एक्शन में वसूली के दिये आदेश

# कईयो ने बकाया किया जमा, कई नल कटे, शहर को सुदृढ़ बनाने मे करे सहयोग, शहर आपका : डीके शर्मा



**सिंगरौली।** बैढ़न नगरीय क्षेत्र भर मे विगत कई वर्ष पूर्व मे कई जगहों पर अमृत नल जल के तहत निःशुल्क व शुल्क के साथ मे नगर पालिक निगम सिंगरौली प्रशासन द्वारा नल कई वर्ष पूर्व घर- घर नल के माध्यम से हर घर मे पीने योग्य ?िल्टर पानी नल का कनेक्शन दिया था जो कई जगहों पर पानी की बर्बादी नहीं देखा जा रहा था और नल का पानी स?क व नाली मे बहता था टोटी तक नहीं लगाते थे। वही कईयो कनेक्शनधारियों के द्वारा नल पानी का मासिक भुगतान तक नहीं किया गया है जो मात्र घरेलू लोगो को मात्र 90 रूपये प्रतिमाह और व्यावसायिक लोगो को 120 रूपये से 160 रूपये है इसके बावजूद भीषण गर्मी को देखते हुये राहत दी गयी थी और इसके पूर्व मे पानी वसूली का नोटिस भेजा गया था और वही विधानसभा चुनाव व लोकसभा चुनाव को देखते हुये नजर अंदाज किया गया था। शनिवार की सुबह लगभग 11 बजे नगर निगम आयुक्त दया किशन शर्मा ने निगम अमला को लेकर बै?न के बिलौंजी मे नल जल की बकाया राशि वसूलवाते हुये देखे गये और सख्त हिदायत दिये कि अगर बकायेदार समय रहते पानी व मकान टैक्स वगैरह भुगतान नहीं करते है तो वैधानिक कार्यवाही की जायेगी और वही कई नल जल के कनेक्शन काटे गये और वही उनके द्वारा कहा गया कि जल्द से जल्द किसी भी प्रकार नगर निगम का बकाया राशि हो समय पर जमा करे और असुविधा से बचे ।वही निगमायुक्त श्री शर्मा द्वारा शहर का भ्रमण कर समझाइस दी गयी कि त्यौहार वगैरह को देखते हुये सड़क को जाम न करे अपना व्यापार करे व दुकान नाली के अंदर लगाये और शहर को साफ स्वच्छ व सुदृ? बनाने मे अपना - अपना सहयोग प्रदान करे क्योंकि यह शहर आपका है। मौके पर नगर निगम आयुक्त डीके शर्मा, उपायुक्त राजस्व आरपी बैस, कार्यपालन यंत्री व्हीपी उपाध्याय, एसडीओ प्रवीण गोस्वामी, उपयंत्री पीके सिंह, एसएन द्विवेदी, विष्णु पाल सिंह, अनूप सिंह, चन्द्रमणि द्विवेदी, वार्ड प्रभारी आईपी नागर, एलके सिंह, रोहिणी उपाध्याय, जोनल इंचार्ज रोहित चौरसिया सहित निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# जेपी निगरी सुपर थर्मल पावर प्लांट में धूमधाम से मनाया गया 78 वाँ स्वतंत्रता दिवस



**सिंगरौली।** जेपी निगरी सुपर थर्मल पावर प्लांट में गुरुवार को 78वें स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्षोल्लास के मनाया गया। जहां 15 अगस्त कार्यक्रम का आयोजन पोडियम मैदान में मुख्य अतिथि एम.व्ही.आर. रेड्डी परियोजना प्रमुख के द्वारा ध्वजा रोहण कर परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट किया। वहीं मुख्य अतिथि ने वृक्षारोपण करते हुए कहा कि उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर हम सभी प्रतिज्ञा लें कि हमारा देश विकसित राष्ट्र बने, देश का हर नागरिक प्रयास करे कि देश को कैसे आगे ब?ाएं, उन्होंने कहा कि तन-मन-धन और इच्छा शक्ति के साथ देश को आगे बढ़ाने में सभी अपना योगदान दें। बता दें कि पर्व को विशेष रूप से मनाने के लिये जेपी समूह के निगरी स्थित पावर प्लान्ट में दिनांक 13 अगस्त से 15 अगस्त तक कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें जेपी समूह के निगरी स्थित जय ज्योति स्कूल, सरदार पटेल स्कूल के बच्चे, कर्मचारी, अधिकारी, परिवार जन कालोनी के रहवासी एवं आस-पास के ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम की तैयारी में कई तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वहीं सर्व श्रेष्ठ बैंड प्रदर्शन के लिये सुरक्षा जवानों का चयन किया गया। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत दिनांक 13 अगस्त से 15 अगस्त तक रहवासियों ने अपने घरों में तिरंगा फहराया, साथ ही तिरंगा यात्रा रैली भी स्कूली बच्चों द्वारा निकाली गई। वहीं स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्कूल के बच्चों ने बैंड प्रदर्शन के साथ मार्च पास्ट परेड में अपने कौशल का प्रदर्शन किया। जिसकी मौजूद सभी ने प्रशंसा की। इसके अतिरिक्त दोनों स्कूल के बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उच्चकोटि का प्रदर्शन किया। जिसमें भारत की एकता एवं अखंडता का प्रदर्शन करते हुये देश प्रेम से ओतप्रोत बहुत से सुन्दर कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया गया।एवं स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, विभिन्न प्रतियोगिताओं में चयनित बच्चों को पुरूस्कार वितरण किया गया। गोपद नदी पर कम्पनी के बैराज में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें ध्वजा रोहण, सजावटी प्रकाश की व्यवस्था भी की गई।

# हिस्सा बाट को लेकर एक भाई ने दूसरे भाई का गिराया घर

## बारिश के दिनों में भाई बना दुश्मन, किया बेसहारा, मामला दर्ज

**सिंगरौली।** जिले के माड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत अमिलवान गांव में बीते दिनो बड़े भाई ने छोटे भाई के घर को जबरन धराशाई कर दिया। इस बरसात के दिनों में बड़ा भाई दुश्मन बन गया और छोटे भाई का आशियाना गिरा दिया। जहां माड़ा पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए मामले को विवेचना में ले लिया है। मिली जानकारी के अनुसार फरियादिया सुनीता कुशवाहा पति अशोक कुमार कुशवाहा उम्र 43 वर्ष ग्राम अमिलवान ने बीते 11 अगस्त को माड़ा थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि मेरे घर को जबरन गिरा दिया गया साथ ही जेठ राज लाल कुशवाहा और उसकी पत्नी राजमती कुशवाहा, मुकेश कुशवाहा, मनीष कुशवाहा गाली गलौज और मारपीट की। यहां तक की जान से मारने की भी धमकी आरोपियों के द्वारा दी गई। पीड़िता की शिकायत पर माड़ा पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(2), 324(4) और 3(5) के तहत मामला दर्ज करते हुए मामले को विवेचना में ले लिया है। बताया जाता है कि फरियादिया ने घटना के पूर्व लगभग जून महीने में पुलिस अधीक्षक के यहां शिकायत की थी। शिकायत में कहा था कि हिस्सा बाट को लेकर कभी भी जान माल को लेकर विवाद हो सकता है लेकिन पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया था।

# स्वतंत्रता दिवस पर प्रधान आरक्षक उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित, प्रभारी मंत्री ने दिया प्रमाण पत्र



**सिंगरौली**

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और सिंगरौली प्रभारी मंत्री संपत्तियां उइके ने सिंगरौली के जून कुमारी स्टेडियम में आयोजित 78वें स्वतंत्रता दिवस में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इस अवसर पर प्रधान आरक्षक आशीष बागरी को प्रमाण पत्र देखकर सम्मानित किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार प्रभारी मंत्री संपत्तियां उइके नए पुलिस अधिकारियों और जवानों का उत्कृष्ट सेवा के लिए पुलिस पदकों से सम्मानित किया। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ प्रधान आरक्षक आशीष बागरी को सौंप गए उत्तरदायित्वों का निर्वहन कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रमाण पत्र देखकर सम्मानित किया गया।

# हिंडालको महान में धूम धाम से मनाया गया 78वा स्वतंत्रता दिवस

**सिंगरौली।** हिंडालको में आजादी व देशभक्ति की भावना के साथ 78वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान हिंडालको महान के इकाई प्रमुख एस.सेन्थिलनाथ ने राष्ट्रीय ध्वज का आरोहण करते हुये व सभी कर्मियों एवं हितग्राहियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होने परेड का निरीक्षण किया व कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित किया । अपने उद्बोधन में इकाई प्रमुख एस. सेन्थिलनाथ ने देश की आ?दी में अपने प्राण की आहुती देने वाले आ?दी के परवानो को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये कहा कि आज का दिन यह दिन हमें हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों की याद दिलाता है, जिनकी बदौलत आज हम एक स्वतंत्र और समृद्ध देश में जी रहे हैं। हमारी कंपनी, हिंडालको महान एल्युमिनियम,देश की आर्थिक प्रगति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, और इसके लिए आप सभी की मेहनत और समर्पण के लिए मैं आप सबका आभारी हूँ।

आज के दिन, हम संकल्प लें कि हम अपनी कंपनी और देश के विकास में और भी अधिक योगदान देंगे। हमें पर्यावरण और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए सतत विकास के लक्ष्य को हासिल करना है। आप सभी के निरंतर प्रयासों से ही हम इन ऊंचाइयों को छू सकते हैं। उन्होंने कंपनी के सभी मानकों पर शानदार प्रदर्शन में संविदा सहित सभी कर्मियों के अहम योगदान की सराहना करते हुए ग्राहकों को गुणवत्ता युक्त एल्युमिनियम उपलब्ध करवाने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दोहराया। साथ ही सिंगरौली परिक्षेत्र में कंपनी द्वारा सामाजिक उत्थान हेतु सी.एस.आर.के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों को भी रेखांकित किया।



इस कार्यक्रम में हिंडालको महान के मानव संसाधन प्रमुख डॉक्टर विवेकानंद मिश्रा,पावर प्लांट हेड चंद्र शेखर सिंह, वित्त प्रमुख सुशान्त नायक,ऑपरेशन प्रमुख सुदीप्ता नायक,पर्चेज हेड राम जतन गुप्ता, मैकेनिकल हेड आदर्श सहित व अन्य विभागों के विभागाध्यक्ष,अन्य अधिकारी व कर्मचारी,स्कूली बच्चे एवं भारी संख्या में स्थानीय जन भी उपस्थित रहे । स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम का सफल संचालन अभिषेक उपाध्याय ने किया।

स्वतंत्रता दिवस के दौरान आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल व सरस्वती शिशु मन्दिर मझिगंवा के बच्चों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों ने इन प्रस्तुतियों के माध्यम से देश प्रेम,अखंडता व अनेकता में एकता का संदेश दिया। इस मौके पर मानव संसाधन प्रमुख डॉक्टर विवेकानंद मिश्रा ने स्वतंत्रता दिवस पर अपने संस्थान में कार्यरत सदस्यों को आजादी के संदेश को देते हुये कहा कि आज का दिन हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और बलिदान की याद दिलाता है। आज हम एक स्वतंत्र देश के नागरिक हैं और इसमें हर भारतीय का योगदान है। मैं गर्व से कह सकता हूँ कि हमारे संगठन की सबसे बड़ी ताकत आप सभी की प्रतिबद्धता और मेहनत है। आपकी कड़ी मेहनत और समर्पण ने हमारी कंपनी को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। आज के दिन,हम यह संकल्प लें कि हम अपने कार्यस्थल को और अधिक सकारात्मक, समर्पित और सामंजस्यपूर्ण बनाएंगे। हमारा लक्ष्य एक ऐसा वातावरण तैयार करना है जहां हर कर्मचारी को अपने कौशल और प्रतिभा को निखारने का अवसर मिले।कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले बच्चों व उत्कृष्ट परेड व बेहतरीन सेवा के लिये सुरक्षा जवान व कर्मियों को भी पुरस्कृत किया गया ।

हिंडालको महान के सुरक्षा सेवाएं प्रमुख कर्नल गौरव चतुर्वेदी( रिटायर्ड) के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गयी,इस तिरंगा यात्रा में हिंडालको महान में कार्यरत कई विभाग प्रमुखों के साथ साथ सुरक्षा सेवा कर्मियों व आम कर्मियों ने जोश भरा तिरंगा यात्रा निकाली। साथ ही 15 अगस्त पर सुरक्षा जवानों के लिए लजीज व्यंजन पार्टी का आयोजन किया गया। देश के 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हिंडालको महान के कार्बन हेड गिरीश चौधरी व सीएसआर विभाग प्रमुख संजय सिंह ने सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय परिसर में और स्कूल के बच्चो एवं हितधारकों को राष्ट्रीय पर्व की बधाई दी ।

# ममता बनर्जी की सरकार लूट, अत्याचार, बलात्कार और अपराधियों की पनाहगाह, बेटी के इंसाफ के लिए पूरा देश खड़ा : डॉ राजेश

## अपराधियों को कड़ी से कड़ी मिले सजा : देव कुमार , संवेदनहीन ममता सरकार को करें तुरंत बर्खास्तः रीती पाठक

**सीधी।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के तत्वाधान में पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान एवं सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक की अगुवाई में कैंडल मार्च निकालकर आक्रोश व्यक्त किया गया।




कैंडल मार्च के पश्चात स्थानीय गांधी चौक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के नीचे मीडिया से रूबरू होते हुए लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि पश्चिम बंगाल की एक होनहार डॉक्टर बेटी की निर्ममता और क्रूरतापूर्ण हत्या और सामूहिक दुष्कर्म की घटना से पूरा देश आज दुखी और आंदोलित है। त्रिणमूल की ममता बनर्जी की सरकार लूट, बलात्कारियों, अपराधियों, हत्यारा की पनागर बनी हुई है। ममता बनर्जी की सरकार ऐसे लोगों को जहां एक ओर प्रोत्साहन दे रही है वहीं उनकी वहीं दूसरी ओर ऐसे अपराधियों को संरक्षण देने का कार्य कर रही है। जो व्यक्ति ममता बनर्जी के अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाता है, उन्हें मारा पीटा और आतंकित किया जाता है। पश्चिम बंगाल की बेटी के साथ आज पूरा देश एकजुट, हुए अन्याय के खिलाफ खड़े रहते हुए न्याय की गुहार लगा रहा है।

भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर ममता बनर्जी के खिलाफ मौन कैंडल मार्च पार्टी कार्यालय से गांधी चौक और गांधी चौक से पार्टी कार्यालय तक निकला जा रहा है। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री चौहान ने पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार को आगाह करते हुए कहा कि अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए प्रयास करें, अन्यथा जनता ऐसी क्रूर और तानाशाह ममता बनर्जी की सरकार को उखाड़ फेंकेगी। ममता बनर्जी की सरकार अनैतिक और क्रूर सरकार है। अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले।

सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने कहा कि एक महिला मुख्यमंत्री के राज्य में महिलाओं की दुर्दशा हो रही है। ममता बनर्जी की सरकार क्रूर हो चुकी है। एक डॉक्टर बेटी के साथ हुआ सामूहिक दुष्कर्म और उसकी निर्माता के साथ हत्या से आज पूरा देश आंदोलित है। विधायक श्रीमती रीती पाठक ने सभी बहनों से अपील की है कि वह महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ घर से बाहर निकल कर, अपना विरोध प्रदर्शित करें और ऐसे अत्याचारों को बर्दाश्त ना करें। विधायक श्रीमती रीती पाठक ने ममता बनर्जी की संवेदनहीन सरकार को तत्काल बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग दोहराई। महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पूनम सोनी ने कहा कि पश्चिम बंगाल की होनहार डॉक्टर बेटी के खिलाफ हुए अन्याय और ममता बनर्जी को उखाड़ फेंकने के संकल्प के साथ हमने आज आक्रोश रैली एवं कैंडल मार्च सांसद डॉ राजेश मिश्रा, जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान और विधायक श्रीमती रीती पाठक की अगुवाई में निकाला। इस दौरान वी फॉर जस्टिस, ममता बनर्जी होश में आओ, होश में आओ, ममता सरकार बर्खास्त करो, बर्खास्त करो, के नारे भी बीच-बीच में लगते रहे।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष के के तिवारी, जनपद अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह परिहार, डॉ देवेंद्र त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष अंजू पाठक, अनिल पांडे, सरस्वती बहेलिया, प्रमोद द्विवेदी, अम्लेश्वर चतुर्वेदी, संदीप द्विवेदी, अनिल पाण्डेय, वरिष्ठ भाजपा नेता संजय सिंह चौहान, शत्रुघ्न तिवारी, सुधीर शुक्ला, विश्व बंधुधर द्विवेदी, अमित प्रधान , सुनीता रानी वर्मा, पूजा सिंह कुशराम, सुरेंद्र मणि दुबे, पुनीत नारायण शुक्ला, राकेश मौर्य, मुनिराज विश्वकर्मा, रामराज गुप्ता, धर्मेंद्र शुक्ल, कंचन केसरी, संगीता सिंह, ललन सिंह, पुनीत त्रिपाठी, दीपू सिंह, अजय गुप्ता, अर्जुन सिंह, मुन्ना लाल चौधरी, मुन्ना तिवारी, जगदंबा सोनी, सुमन साकेत, विभा शर्मा, हरि केश साकेत, चंदन सिंह, श्याम सुंदर दास, महिमा तिवारी, अजय चौबे, अजीत वर्मा, सुमन साकेत, आरती सिंह ,कौशलेंद्र सिंह, नरेंद्र गौतम, हीरालाल कोरी, पूजा तिवारी, सुधा नामदेव सहित सैकड़ो कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जिले में औसत वर्षा 807.1 मि.मी. दर्ज, रामपुर नैकिन में सर्वाधिक वर्षा

**सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 17 अगस्त को सीधी जिले में 11.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 0.5 मि.मी., चुरहट में 5.0 मि.मी., गोपद बनास में 55.6 मि.मी., सिहावल में 0.0 मि.मी., बहरी में 7.8 मि.मी., मझौली में 9.0 मि.मी. और कुसमी में 0.0 मि.मी. वर्षा हुई है।

उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 807.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 01 जून से 17 अगस्त तक तहसील रामपुर नैकिन में सर्वाधिक वर्षा 985.3 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील चुरहट में 690.2, गोपद बनास में 833.4, सिहावल में 778.8, बहरी में 680.2, मझौली में 712.0 और कुसमी में 970.0 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 468.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 339 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

# शशि वेलफेयर सोसाइटी द्वारा किया गया दीनदयाल रसोई में नि:शुल्क भोजन का आयोजन



**सीधी।** शषि सिंह (पत्नी स्वर्गीय डॉ. एस.बी. सिंह, मुख्य बाल्य एवं षिषु रोग विषेषज्ञ) की पुण्य तिथि के स्मरण में शषि वेलफेयर सोसाइटी द्वारा दीनदयाल रसोई में नि:षुल्क भोजन की व्यवस्था की गई। समिति की सचिव डॉ. श्वेता सिंह द्वारा बताया गया कि सोसाइटी द्वारा प्राय: ही दीनदयाल रसोई में नि:षुल्क भोजन की व्यवस्था की जाती है इसका लाभ गरीब, असहाय, निर्धन, अस्पताल में भर्ती मरीज के परिजन को होता है। बातचीत के दौरान स्व सहायता की सदस्य शांति केवट द्वारा बताया गया कि इन दिनों दीनदयाल रसोई में बजट की कमीं की समस्या का सामना करना पड़ रहा है जिसे दूर करने हेतु समिति द्वारा सभी लोगों से आग्रह किया जाता है कि दीनदयाल रसोई के संचालन के लिये भरपूर आर्थिक सहयोग करने का कष्ट करें। इस कार्यक्रम में प्रषांत सिंह, राजभान जायसवाल, विकास नामदेव, शांति केवट एवं समूह के समस्त स्टॉफ एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# प्रभारी मंत्री ने लोकतंत्र के प्रहरियों का किया सम्मान

**सीधी।** प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप जायसवाल ने स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर जिले के लोकतंत्र के प्रहरी श्री बालाजी गुप्ता के निवास पर पहुंचकर श्री गुप्ता सहित लोकतंत्र के प्रहरियों श्री मंगलेश्वर सिंह एवं श्री यदुनाथ सिंह को शाल और श्रीफल भेंटकर उनको सम्मानित किया।

# बीड़ी, चूना पत्थर एवं ढोलोमाइट व लौह-मैग्नीज-क्रोम अयस्क खदान श्रमिकों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति

**सीधी।** जिला शिक्षा अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि भारत सरकार श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा बीड़ी, चूना पत्थर एवं ढोलोमाइट व लौह-मैग्नीज-क्रोम अयस्क खदान श्रमिकों के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत पुत्र एवं पुत्रियों को कक्षा 1 से उच्च शिक्षा के लिए शैक्षणिक सत्र 2024-25 में वित्तीय सहायता (छात्रवृत्ति) प्रदाय करने हेतु नेशनल स्कालरशिप एनएसपी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया दिनांक 30.06.2024 से प्रारम्भ हो चुकी है जिसमें आवेदन करने की अंतिम तिथि प्री-मैट्रिक हेतु दिनांक 31.08.2024 एवं पोस्ट मैट्रिक हेतु 31.10.2024 तक निश्चित है। शिक्षण संस्थाओं द्वारा आवेदनों के सत्यापन की अंतिम तिथि प्री-मैट्रिक के लिए 15.09.2024 एवं पोस्ट मैट्रिक के लिए दिनांक 15.11.2024 तक निर्धारित है।

उन्होने समस्त प्राचार्यों तथा समस्त विकासखण्ड समन्वयक जनपद शिक्षा केन्द्र को निर्देशित किया है कि संस्था में अध्ययनरत ऐसे समस्त पात्र छात्र-छात्राओं को चिन्हित कर उन्हें इस योजना से अवगत कराते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी पात्र छात्र-छात्राओं का एनएसपी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सत्यापन का कार्य भी सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें।

# शहडोल संभाग में युवाओं को उघोग लगाने प्रोत्साहित करे : कमिश्नर

**कृषि और वनोंपज आधारित उद्योगों को प्रोत्साहित करें: कमिश्नर**

**शहडोल संभाग में फलो और फूलों की खेती की विपुल संभावनाएं : कमिश्नर**

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद ने कहा कि शहडोल संभाग के युवाओं को अधिकारी उद्योग स्थापित करने के लिये सतत प्रोत्साहित करे । उन्होने कहा है कि शहडोल संभाग में कृषि उपज और वनोंपजो पर आधारित उद्योग स्थापित कर युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने की विपुल संभावनाएं हैं। कमिश्नर ने कहा कि शहडोल संभाग में महुआ, गुल्ली, आवला, जामुन, हर्रा बहेड़ा, साल बीज और अन्य वनोंपजो का उत्पादन हो रहा है। इसी प्रकार शहडोल संभाग में कोदो ,कुटकी, मक्का, धान ,तिल, और रामतिल का उत्पादन हो रहा है। कमिश्नर ने निर्देश दी कृषि और वनोंपज पर आधारित उद्योग शहडोल संभाग में स्थापित करने युवाओं को प्रोत्साहित करें और उद्योग स्थापित कर, युवाओं को स्वरोजगार मुहैया कराए। कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद आज कमिश्नर कार्यालय में आयोजित औद्योगिक विकास एवं रोजगार सृजन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। कमिश्नर ने



कहा कि शहडोल संभाग में पशुपालन की विपुल संभावनाएं हैं। शहडोल संभाग के किसानों को पशुपालन के लिए प्रोत्साहित करें। शहडोल संभाग में डेरी उत्पादो के लिए प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने युवा कृषकों को प्रोत्साहित करें। शासन द्वारा पशुपालन के लिए दी जा रही योजनाओं की जानकारी भी दे। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पशुपालन और पशुपालन से जुड़े उद्योगों और प्रोसेसिंग यूनिट के माध्यम से युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार मिलना चाहिए इसके लिए कार्य योजना बनाएं कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए की कृषि पशुपालन उद्यान की मत्स्य पालन, वन उपज खनिज संसाधनों के माध्यम से युवाओं को कैसे रोजगार और स्वरोजगार मुहैया करा सकते हैं इस पर कार्य योजना बनाकर कार्य करें। बैठक में कमिश्नर ने उद्यान को विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहडोल संभाग में हल्दी उत्पादक को प्रोत्साहित करें। शहडोल संभाग में हल्दी प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित कर युवा किसानो को रोजगार स्थापित करने किसानो की मदद करें। कमिश्नर ने कहा कि शहडोल संभाग में मत्स्य पालकों को सहजता से मत्स्य बीज उपलब्ध हो सके, इसकी व्यवस्था अधिकारी सुनिश्चित कराएं। मत्स्य पालक कृषको कों सहजता से मत्स्य बीज उपलब्ध हो जाना चाहिए। सभी तालाबों में मत्स्य बीज आसानी से डल जाना चाहिए। इस कार्य में उदासीनता एवं लापरवाही करने पर सख्त कार्यवाही की जायेगी ।बैठक में मुख्य वन संरक्षक श्री एलएल उइके , कलेक्टर शहडोल डॉ. केदार सिंह, वन मंडल अधिकारी शुश्री श्रद्धा पन्द्रे, वनमंडला अधिकारी श्री गौरव चौधरी ने भी शहडोल संभाग में उद्योग स्थापित करने के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में संयुक्त संचालक कृषि श्री जे एस पेंद्राम, मुख्य अभियंता ऊर्जा विभाग श्री श्री शिशिर श्रीवास्तव, उपायुक्त राजस्व श्रीमती मिनिषा पांडे,उद्योग विभाग, खनिज विभाग, पशु चिकित्सा विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

# मास्टर माइंड महिपाल फरार, चार आरोपित गिरफ्तार, दो लाख का नशीला सिरप जब्त

**सीधी।** सीधी में चुरहट पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान 2.15 लाख के विनरेक्स कफ सिरप, दो बाइक, तीन मोबाइल भी जब्त किया है। महिपाल साकेत को बिक्री करने के लिए आए युवकों को पुलिस ने पकड़ा है। मास्टर माइंड महिपाल फरार हो गया। जिसकी गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई है। संतोष पांडे चौकी प्रभारी मोहनिया थाना चुरहट ने बताया कि पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के कुशल निर्देशन पर पुर्ष्पेद्र मिश्रा थाना प्रभारी चुरहट टीम ने यह कार्रवाई की है। प्रयागराज उप्र से दो बाइकों में चार व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ नशीली कफ सिरप लेकर ग्राम बढ़खरा एनएच 39 के किनारे गहरवार ढाबा के पास बिक्री करने आ रहे हैं। एक टीम गठित कर कार्रवाई करने पहुंचे। एक बाइक पर सूरज हेला 35 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 01 अंबेडकर नगर कोरांव और राजा भारतीय 19 वर्ष निवासी बरदहा प्रयागराज बैठा मिला। दूसरे पर संजय हेला 26 वर्ष निवासी बडोखर प्रयागराज और सूरज कुमार भारतीय 26 वर्ष बरदहा प्रयागराज नाम बताया। दोनों बाइक के बीच सीट में रखे हुए काले रंग के पिट्टू बैगों के अंदर कोडीन फास्फेट युक्त मादक पदार्थ विनरेक्स कफ सिरप की शीशियां भरी रही। आरोपितों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई थाना प्रभारी चुरहट निरी. पुर्ष्पेद्र मिश्रा, उनि देवेंद्र पाण्डेय, चौकी प्रभारी मोहनिया सउनि सुनील पाण्डेय, प्रआर. कमलभान सिंह, आर. नवीन द्विवेदी, संजीव सिंह, सतेन्द्र सिंह एवं सुभाष पाण्डेय का सराहनीय योगदान रहा हैं।

# तुलसी जयंती में श्रीराम चरित मानस आधारित अंताक्षरी संपन्न

**सीधी।** श्रीराम चरित मानस समिति सीधी के तत्वावधान में गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती के उपलक्ष्य में गत दिवस श्रीराम चरित मानस आधारित अंताक्षरी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त संबंध में तुलसी जयंती समारोह के संयोजक उदय कमल मिश्र अधिवक्ता ने जानकारी दी है कि सरस्वती विद्यालय कोटा के छात्र आर्यन शर्मा, आकाश तिवारी, प्रिया शुक्ला,अबोध बाल शिक्षा विधालय के छात्र ओम् प्रकाश दुबे, कृष्ण कुमार गुप्ता, शशांक द्विवेदी, आरुष साहू, अंश गुप्ता एवं ज्योति हायर सेकेण्डरी के छात्र समर्थ गुप्ता, आभास त्रिपाठी, हर्ष लखेरा, आरुष यादव, शुभम मिश्रा ने मनमोहक प्रस्तुति दी, इसके पूर्व सरस्वती विद्यालय करौंदिया की छात्रा भाग्यश्री ने गौ महात्म पर व्याख्यान देते हुए व्यक्त किया कि हम सब को माता थोड़े समय ही दूध पिलाती है लेकिन गौ माता जीवन पर्यन्त हम सभी को दूध पिलाती है,गौ माता का दूध बच्चों के लिए सुपाच्य होता है इसलिए बच्चों को गौ माता का दूध पिलाया जाता है,गाय का माता का दर्जा प्राप्त है उसके बाद भी गौ माता दर दर की ठोकरें खा रही है,आज हम गौ वंश को घृणा की दृष्टि से देख रहें हैं,म.प्र. में गौ वंश प्रतिषेध अधिनियम 2004, पशु क्रूरता अधिनियम 1960 प्रभावशाली होते हुए गौ माता की हत्या, तस्करी, क्रूरता,हो रही है।

# नॉन फंक्शनल ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी मशीनें बीईएल बैंगलूरू भेजने के निर्देश

**सीधी।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश शाही ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान पाई गई नॉन फंक्शनल ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी मशीनें बीईएल बैंगलूरू भेजने के संबंध में निर्देश प्राप्त हुए हैं। उक्त निर्देश के परिपालन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान पाई गई नॉन फंक्शनल ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी मशीनें दिनांक 14.08.2024 को 10.30 बजे से स्थानांतरित किये जाने वेयर हाउस खोला जाना है। उन्होने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को सूचित किया है कि स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि को नियत तिथि एवं समय उपस्थित रहना सुनिश्चित करें।

# शिक्षा, समाज में जागरूकता और प्रगति लाने में अहम भूमिका निभाती है : कलेक्टर

**शहडोल।** कलेक्टर डा. केदार सिंह ने शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल एवं ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल का निरीक्षण किया तथा स्कूली छात्र-छात्राओं से संवाद किया। संवाद के दौरान कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने कहा कि शिक्षा का महत्व अत्यधिक है क्योंकि यह व्यक्तिगत और सामाजिक विकास की नींव है। शिक्षा से व्यक्ति को न केवल ज्ञान और कौशल मिलते हैं, बल्कि यह सोचने की क्षमता और आत्म-निर्णय की शक्ति भी विकसित करती है। यह समाज में समानता, अवसरों की सृजनशीलता, और समस्याओं के समाधान में सहायक होती है। शिक्षा के माध्यम से व्यक्ति आत्म-सम्मान और आत्म-विश्वास प्राप्त करता है, जिससे उसका जीवन और करियर दोनों बेहतर होते हैं। इसके अलावा, शिक्षा समाज में जागरूकता और प्रगति लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जिससे समृद्ध और संगठित समाज का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत, लगन और योजनाबद्ध तरीके से साथ शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ज्ञान का बंटवारा कभी नहीं होता है ज्ञान हमेशा बांटने से बढ़ता है और ज्ञान सबसे बड़ा धन है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यार्थियों से भविष्य में क्या बनना चाहते हैं इसकी भी जानकारी ली तो किसी न कहा आई.ए.एस.,एस.पी., डॉक्टर, सीए आदि बनने की इच्छा विद्यार्थियों ने जताई। साथ ही कलेक्टर ने अपने विद्यार्थी जीवन के सफर को भी विद्यार्थियों से साझा किया।



इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अरविंद शाह,सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग श्री आनंद राय सिन्हा, जिला शिक्षा अधिकारी श्री फूल सिंह मरपाची,डीपीसी श्री अमर नाथ सिंह सहित शिक्षक व काफी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# अटल जी महान व्यक्तित्व के धनी एवं भविष्य वक्ता थे : सांसद

**अटल जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से ले प्रेरणा : देव कुमार**

**अटल जी सच्चे अर्थो में भारत रत्न : रीती पाठक**

**सीधी।** अटल जी महान व्यक्तित्व के धनी और भविष्यवक्ता थे। उनके द्वारा की गई भविष्यवाणी आज शत प्रतिशत सत्य हो रही है। अटल जी ने प्रधानमंत्री रहते हुए कांग्रेस को कहा था कि आज इतराने वाले कभी हासिऐ में नजर आओगे। जब अटल जी की सरकार एक वोट से गिरी थी, तो उन्होंने कहा था और आज वही कांग्रेस जीवित रहने के लिए संघर्ष कर रही है। साथ ही उस पर जग हस रहा है।

उक्त आशय के विचार भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित अटल जी की श्रद्धांजलि सभा को भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता में लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने कहीं। सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने कहा कि अटल जी कई मायनो में हमेशा याद रहेंगे। अटल जी के सपनों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, नदी जोड़ो अभियान, परमाणु परीक्षण, किसान क्रेडिट कार्ड ऐसी अनेकों योजनाएं अटल जी के विजन को दिखाती हैं। अटल जी कहा करते थे कि राजनीति में विचार अलग हो सकते हैं। परस्पर विरोधी दलों के हो सकते हैं किंतु दुश्मन कभी नहीं होना चाहिए।

अध्यक्षीय उद्बोधन में भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने कहा कि अटल जी का व्यक्तित्व एवं कृतित्व सभी पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा स्रोत रहेगा। अटल जी का जीवन कार्यकर्ताओं के लिए पाथेय है। हम सभी अटल जी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।



सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने अटल जी को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि जब मैं सांसद चुन करके दिल्ली गई तो अटल जी से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उस दौरान के संस्करण विधायक श्रीमती पाठक ने कार्यकर्ताओं को सुनाया। सबका साथ सबका विकास के सच्चे प्रणेता अटल जी थे। एक आदर्श कार्यकर्ता के रूप में अटल जी का व्यक्तित्व सदा हमें राह दिखाता रहेगा। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री डॉक्टर मनोज मिश्रा एवं आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री विनोद साकेत ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष के के तिवारी, जनपद अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह परिहार, डॉ देवेंद्र त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष अंजू पाठक, अनिल पांडे, सरस्वती बहेलिया, प्रमोद द्विवेदी, अमलेश्वर चतुर्वेदी, संदीप द्विवेदी, अनिल पाण्डेय, वरिष्ठ भाजपा नेता संजय सिंह चौहान, शत्रुघ्न तिवारी, सुधीर शुक्ला, विश्व बंधुधर द्विवेदी, अमित प्रधान , सुनीता रानी वर्मा, पूजा सिंह कुशराम, सुरेंद्र मणि दुबे, पुनीत नारायण शुक्ला, पूनम सोनी, राकेश मौर्य, मुनिराज विश्वकर्मा, रामराज गुप्ता, धर्मेंद्र शुक्ल, कंचन केसरी, संगीता सिंह, ललन सिंह, पुनीत त्रिपाठी, दीपू सिंह, अजय गुप्ता, अर्जुन सिंह, मुन्ना लाल चौधरी, मुन्ना तिवारी, जगदंबा सोनी, सुमन साकेत, विभा शर्मा, हरि केश साकेत, चंदन सिंह, श्याम सुंदर दास, महिमा तिवारी, अजय चौबे, अजीत वर्मा, सुमन साकेत, आरती सिंह ,कौशलेंद्र सिंह, नरेंद्र गौतम, हीरालाल कोरी, सुधा नामदेव सहित सैकड़ो कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, रविवार 18 अगस्त 2024 | 8


उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल विभिन्न धार्मिक आयोजनों में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री ने सुबह 10 बजे ईको पार्क स्थित कुंदेश्वर श्री मंदिर में पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की।



## विन्ध्य में औद्योगिक विकास की असीम संभावनाएं हैं : कमिश्नर

### इन्वेस्टर्स मीट में विकास की हर संभावना को दिखाने का प्रयास करें : कमिश्नर

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने रीजनल इन्वेस्टर्स कॉनक्लेव के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन अक्टूबर माह में संभावित है। संभाग के सभी जिलों में औद्योगिक विकास की असीम संभावनाएं हैं। विन्ध्य क्षेत्र खनिज, जल संसाधन तथा प्राकृतिक संपदा से भरपूर है। अधोसंरचना का यहाँ तेजी से विकास हुआ है। यहाँ पर्याप्त बिजली, श्रमिक तथा भूमि उपलब्ध है। इन संसाधनों का बेहतर उपयोग करके औद्योगिक निवेश के प्रस्ताव तैयार करें। रीजनल इन्वेस्टर्स मीट में संभाग में विकास की हर संभावना को दिखाने का प्रयास करें। कृषि, उद्यानिकी, वनोपज संग्रहण, खनिज, पशुपालन आदि में विकास की सर्वाधिक संभावनाएँ हैं। इन क्षेत्रों के विकास से रोजगार के अवसर बड़ी संख्या में सृजित होंगे। धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में भी अच्छी संभावनाएँ हैं। क्षेत्र में उपलब्ध संसाधनों के अनुरूप औद्योगिक विकास के प्रस्ताव तैयार करें। श्री अन्न की भी माँग तेजी से बढ़ रही है। श्री अन्न यानी मोटा अनाज की खेती और इस पर आधारित खाद्य पदार्थों के निर्माण की इकाईयाँ स्थापित की जा सकती हैं।

बैठक में मुख्य वन संरक्षक राजेश राय ने कहा कि संभाग में बाँस तथा अन्य वनोपज पर्याप्त मात्रा में हैं। वन समितियों के माध्यम से वनोपज का संग्रहण किया जाता है। बाँस की खेती को बढ़ावा देने के लिए बाँस मिशन के माध्यम से प्रयास किए जा रहे हैं। आँवला, लेंटाना, महुआ के फल और फूल तथा अन्य वनोपजों से कई उत्पाद बनाए जा सकते हैं। बैठक में एमपीआईडीसी के कार्यकारी संचालक यूके तिवारी ने कहा कि संभाग में एक हजार हेक्टेयर का भूमि बैंक उद्योगों के विकास के लिए बना लिया गया है। घूमा में औद्योगिक विकास केन्द्र विकसित कर लिया गया है। शीघ्र ही यहाँ औद्योगिक इकाईयाँ स्थापित हो जाएंगी। खाद्य प्रसंस्करण तथा वनोपज आधारित उद्योगों के लिए अच्छी संभावना है। बैठक में कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ संत त्रिपाठी ने कहा कि पूरे विन्ध्य में परंपरागत रूप से कोदौ, कुटकी, अरहर, अलसी, जौ, मक्का जैसे अनाजों की खेती की जाती थी। इन अनाजों की तरह लोगों का रूझान तेजी से बढ़ रहा है। लगातार अनुसंधान करके कृषि महाविद्यालय तथा कृषि विज्ञान केन्द्र रीवा ने कोदौ, अरहर आदि की नई प्रजातियाँ विकसित की हैं। इनकी खेती को बढ़ावा देकर अच्छा लाभ मिल सकता है। सभी मोटे अनाजों की खरीद समर्थन मूल्य पर की जा रही है। प्रोसेसिंग के बाद मोटे अनाजों के अच्छे दाम मिल रहे हैं। बैठक में धान की स्थानीय किस्मों की खेती को बढ़ावा देने, अमरूद, टमाटर तथा प्याज के प्रसंस्करण की इकाईयों की स्थापना, मशरूम की खेती एवं सुंदरजा आम के क्षेत्र विस्तार के सुझाव दिए गए। बैठक में आँवला, कटहल, मसालों के क्षेत्र, फूलों की खेती तथा पशुपालन एवं मछलीपालन के विकास के संबंध में भी उपयोगी सुझाव दिए गए। बैठक में वन मण्डलाधिकारी अनुपम शर्मा, उपायुक्त डीएस सिंह, संयुक्त संचालक उद्योग एनके श्रीवास्तव, सहायक प्रबंधक जेपी तिवारी, उप संचालक कृषि यूपी बागरी, प्राचार्य आयुर्वेद महाविद्यालय दीपक कुलश्रेष्ठ, अग्रणी बैंक प्रबंधक तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर संपन्न

**रीवा।** आयुष्मान भारत योजना एवं राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री बाल ह्रदय उपचार योजना का जिला स्तरीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर संपन्न हुआ। जिला अस्पताल में आयोजित निःशुल्क शिविर में अपोलो सेज अस्पताल भोपाल के ह्रदय रोग विशेषज्ञों की टीम ने जन्मजात ह्रदय रोग से पीड़ित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि शिविर में 81 बच्चों का पंजीयन हुआ जिसमें 66 बच्चे ह्रदय रोग से पीड़ित पाए गए। जबकि दो बच्चे कटे-फटे होठ तालू, 6 बच्चे अन्य सामान्य शल्य चिकित्सा के लिए तथा 7 बच्चे विकसात्मक विलंब के पंजीकृत किए गए। परीक्षण शिविर में ह्रदय रोग के लिए 19 बच्चों में से 8 बच्चों की अपोलो सेज अस्पताल भोपाल में तथा 11 बच्चों की अपोलो चिल्ड्रेन अस्पताल चेन्नई में निःशुल्क सर्जरी की जाएगी।

## नगर निगम की स्वच्छता टीम द्वारा शहर के स्कूलों में किया गया स्वच्छता संवाद

**रीवा।** निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार नगर निगम की आईईसी टीम द्वारा दिनांक 17.08.2024 को शहर के वॉर्ड क्र. 04 हावर्ड इंटरनेशनल स्कूल में स्वच्छता संवाद का आयोजन किया गया। आयोजन में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को चार प्रकार से कचरा पृथक्कीकरण की जानकारी दी गई साथ ही बताया गया की अपने घरों से निकलने वाले कचरे को बाहर न फेंके, डोर टू डोर कचरा गाड़ी जो आपके घरों तक आती है उसमें ही दें, कचरा बाहर फेंकने से होने वाली बीमारियों से भी अवगत करवाया गया। टीम द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध के बारे में भी जानकारी दी गई एवं छात्र-छात्राओं को बताया गया कि हम जो सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करते है उससे हमारे स्वास्थ्य एवं पर्यावरण में हानिकारक दुष्प्रभाव पड़ता है। साथ ही स्कूल के छात्र छात्राओं को



अपने आस-पास साफ सफाई रखने एवं अपने शहर को स्वच्छ और सुन्दर बनाने के लिए शपथ दिलाई गई। उक्त कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य, शिक्षकगण आईईसी सुपरवाइजर आयुष उपाध्याय, आईईसी टीम एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## सामान्य सभा की बैठक 21 अगस्त को

**रीवा।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 21 अगस्त को अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। जिला पंचायत सभागार में अपरान्ह 2.30 बजे से आयोजित बैठक में 15वें वित्त की वार्षिक कार्य 2024-25 की चर्चा एवं अनुमोदन के अतिरिक्त अन्य विषयों पर चर्चा की जायेगी।

## राजस्व महाअभियान में 17443 प्रकरणों का हुआ निराकरण

**रीवा।** जिले भर में 18 जुलाई से 31 अगस्त तक चलाए जा रहे राजस्व महाअभियान में लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। अब तक विभिन्न राजस्व न्यायालयों में 17443 प्रकरण निराकृत किए गए हैं। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि अपर कलेक्टर तथा एसडीएम न्यायालयों में 2051 प्रकरण निराकृत किए गए। तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार न्यायालयों में 14638 प्रकरणों का अभियान के दौरान किया गया। इनमें अविवादित नामांतरण, बंटवारा तथा अभिलेखों में सुधार के प्रकरण शामिल हैं। कलेक्टर ने बताया कि तहसीलदार हुजूर ने 2271, नायब तहसीलदार गोविंदगढ़ 814, नायब तहसीलदार बनकुइयाँ ने 763, तहसीलदार सिरमौर ने 577 तथा नायब तहसीलदार बैकुण्ठपुर ने 474 प्रकरणों का निराकरण किया। नायब तहसीलदार लालगांव ने 602, तहसीलदार सेमरिया 928, नायब तहसीलदार शाहपुर ने 947, तहसीलदार मनगवां ने 452, नायब तहसीलदार गढ़ ने 344, नायब तहसीलदार सूरा ने 330 तथा नायब तहसीलदार डेल्ही ने 306 प्रकरणों का निराकरण किया। तहसीलदार रायपुर कर्चुलियान ने 513, नायब तहसीलदार मनिकवार ने 1152, नायब तहसीलदार पहड़िया ने 637, तहसीलदार त्योंथर ने 213, नायब तहसीलदार रायपुर सोनौरी ने 223 तथा नायब तहसीलदार चाक ने 270 प्रकरणों का निराकरण किया। तहसीलदार जवा ने 304, नायब तहसीलदार गढ़ी ने 385, नायब तहसीलदार अतरैला ने 417, नायब तहसीलदार डभौरा ने 331, तहसीलदार गुढ़ ने 862 तथा नायब तहसीलदार दुआरी ने 523 प्रकरणों का निराकरण किया।

## अभिलेखों में सुधार के 754 प्रकरण किए गए निराकृत

**रीवा।** राजस्व महाअभियान में नक्शा तरमीम और अभिलेखों में सुधार के प्रकरण सर्वोच्च प्राथमिकता से निराकृत किए जा रहे हैं। जिले भर में 18 जुलाई से 31 अगस्त तक चलाए जा रहे राजस्व महाअभियान में सभी एसडीएम अभिलेखों में सुधार के प्रकरणों का निराकरण कर रहे हैं। अभियान के दौरान अब तक अभिलेखों में सुधार के 754 प्रकरण निराकृत किए गए हैं। एसडीएम हुजूर ने 434, सिरमौर ने 48, सेमरिया ने 27, रायपुर कर्चुलियान ने 30, मनगवां ने 54, जवा ने 5, गुढ़ ने 98 तथा एसडीएम त्योंथर ने 58 प्रकरणों का निराकरण किया है। अभियान के दौरान अभिलेखों में सुधार के नए प्रकरण भी दर्ज किए जा रहे हैं।

## उप मुख्यमंत्री ने जिले एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल विभिन्न धार्मिक आयोजनों में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री ने सुबह 10 बजे ईको पार्क स्थित कुदेश्वर श्री मंदिर में पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की। उप मुख्यमंत्री ने शिवलिंग का जलाभिषेक कर परंपरागत रूप से शिव अर्चन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने लक्ष्मणबाग मंदिर परिसर पहुंचकर भगवान लक्ष्मीनारायाण एवं हनुमान जी की पूजा-अर्चना की। उप मुख्यमंत्री ने रीवा जिले और प्रदेश के विकास तथा सुख-समृद्धि की



कामना की। उप मुख्यमंत्री लक्ष्मणबाग मंदिर परिसर में आयोजित सामूहिक सुंदरकाण्ड गायन में भी शामिल हुए। इसका आयोजन श्रीराम दरबार सेवा समिति द्वारा किया गया। उप मुख्यमंत्री ने लक्ष्मणबाग मंदिर परिसर में स्थित गौशाला पहुंचकर गौमाता की पूजा-अर्चना की तथा गौ ग्रास खिलाया।

## जिले में अब तक 351.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**रीवा।** जिले में गत दिवस 6.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दिन सर्वाधिक 21 मिलीमीटर वर्षा सिरमौर तहसील में दर्ज की गई। जिले में एक जून से अब तक कुल 351.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस संबंध में अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि इस अवधि में तहसील हुजूर में 414.4 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 204.5 मिलीमीटर, गुढ़ में 587 मिलीमीटर, सिरमौर में 383.2 मिलीमीटर, त्योंथर में 195.5 मिलीमीटर, सेमरिया में 267 मिलीमीटर, मनगवां में 510 मिलीमीटर तथा तहसील जवा में 249 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## छात्रावास के विद्यार्थियों को मिलेगी नि:शुल्क कोचिंग की सुविधा

**रीवा।** अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित अनुसूचित जनजाति तथा अनुसूचित जाति छात्रावास के विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग की सुविधा दी जाएगी। इसका लाभ कक्षा नवीं, दसवीं, ग्यारहवीं एवं बारहवीं के विद्यार्थी उठा सकते हैं। इस संबंध में संयुक्त कलेक्टर तथा प्रभारी जिला संयोजक पीके पाण्डेय ने बताया कि प्रत्येक विकासखण्ड मुख्यालय में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। शासकीय शालाओं में पदस्थ तथा निर्धारित मापदण्ड पूरा करने वाले रसायन शास्त्र, भौतिक शास्त्र, गणित, जीव विज्ञान तथा अंग्रेजी विषय की कोचिंग देने के इच्छुक शिक्षक 27 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। शिक्षकों को निर्धारित स्कूलों अथवा कोचिंग संस्थान में विद्यार्थियों को पढ़ाना होगा। प्रत्येक पीरियड के अनुसार शिक्षक मानदेय दिया जाएगा। शिक्षकों के चयन में अनुभवी शिक्षकों को प्राथमिकता दी जाएगी। कोचिंग के लिए इच्छुक शिक्षक अपने विद्यालय के प्राचार्य की अनुमति के साथ निर्धारित तिथि तक जिला संयोजक कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं।

## केन्द्रीय जेल रीवा में बंदियों को बहनें बांध सकेंगी राखी

### जेल प्रशासन ने रक्षाबंधन में की भाई-बहन के भेंट की विशेष व्यवस्था

**रीवा।** भाई और बहन का त्यौहार रक्षाबंधन 19 अगस्त को मनाया जा रहा है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी केन्द्रीय जेल रीवा में रक्षाबंधन पर्व पर जेल प्रशासन द्वारा बंदियों और उनकी बहनों की भेंट की विशेष व्यवस्था की है। इस संबंध में जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्या ने बताया कि जेल में भाई-बहन के मुलाकात के लिए 19 अगस्त को पंजीयन प्रातः 7.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक होगा। बहनों को फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। मुलाकात के लिए अलग-अलग काउंटर बनाए गए हैं। मुलाकात काउंटर में नाम लिखवाने के बाद बहनों को टोकन प्राप्त करना अनिवार्य होगा। बहनों के साथ केवल पाँच वर्ष तक की आयु के बच्चों को ही प्रवेश दिया जाएगा।

जेल अधीक्षक ने बताया कि परंपरागत रूप से रक्षाबंधन का पर्व मनाने के लिए जेल प्रशासन अक्षत, हल्दी, तिलक और थाली की व्यवस्था करेगा। बहनें अपने बंदी भाईयों के लिए सौ ग्राम मिठाई, फल तथा रक्षासूत्र लेकर आएं। शेष अन्य तरह की सामग्री पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी। बंदियों से उनकी बहनों की भेंट विशेष सुरक्षा प्रबंध के दायरे में होगी। जेल प्रशासन द्वारा बनाए गए नियमों और अनुशासन का पालन करते हो रक्षाबंधन पर्व मनाने की सुविधा दी जा रही है।

## स्वाधीनता दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारी संस्थान नशा मुक्त भारत बनाने का लिया संकल्प

**रीवा।** स्वाधीनता दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारी संस्थान झिरिया में नशा मुक्त भारत बनाने, स्वर्णिम भारत बनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व महापौर श्रीमती ममता गुप्ता, पूर्व महापौर वीरेंद्र गुप्ता तथा भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के वाइस चेयरमैन हाजी ए के खान,डॉक्टर मुजीब खान,मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्षा श्रीमती कविता पांडेय,



भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला द्विवेदी, भाजपा ने श्रीमती नीलू रावत, श्रीमती तमन्ना मलिक और मुख्तार अहमद उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के प्रति अपनी शुभकामनाएं रखते हुए अतिथियों ने कहा कि बड़ी मेहनत के बाद आजादी मिली है इसे हमें संभाल कर रखना है। ब्रह्माकुमारी संस्थान की क्षेत्रीय संचालिका राजयोगिनी बीके निर्मला दीदी ने कहा कि इस आजादी के बाद हमें विकारों की मानसिक गुलामी से आजाद होने पर ही भारत की सच्ची आजादी कहलाएगी तभी भारत पुन स्वर्ग बनेगा। इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों ने नशा मुक्त भारत बनाने की शपथ ली।

## स्कूल की प्रार्थना सभा में दें नशे से बचाव की समझाइश

रीवा। जिले के प्रत्येक स्कूल का शुभारंभ सामूहिक प्रार्थना सभा से होता है। सभी स्कूलों में नियमित रूप से प्रार्थना सभा आयोजित की जाती हैं। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभी प्राचार्यों तथा प्रधानाध्यापकों को स्कूल की प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को नशे से बचाव की समझाइश देने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि नशीले पदार्थ के सेवन से तन, मन और धन तीनों की हानि होती है। नशा पारिवारिक कलह, सामाजिक समस्याओं तथा अपराधों का प्रमुख कारण है। विद्यार्थियों को नशे से बचाव के लिए जागरूक करें। विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों से दूर रहने तथा देश के जिम्मेदार नागरिक के रूप में देश की सेवा करने के लिए प्रेरित करें। स्कूल परिसर को भी नशे से पूरी तरह से मुक्त रखें। स्कूल परिसर में नशीले पदार्थों का सेवन कराने वालों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करें।

## कमिश्नर ने किया कमिश्नर कार्यालय में ध्वजारोहण

रीवा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कमिश्नर कार्यालय में रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद सामूहिक रूप से राष्ट्गान का गायन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने संभाग के सभी नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि वीरों के बलिदान और त्याग से हमें आजादी मिली है।

## पंचायतों को पेयजल व्यवस्था में पीएचई सहयोग करें

### हैण्डपंपों के सुधार की प्रतिदिन रिपोर्ट लेकर प्रस्तुत करें : कमिश्नर

**रीवा।** गत दिवस कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने जल जीवन मिशन के कार्यों तथा पेयजल व्यवस्था की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि हर बसाहट को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना हम सबकी जिम्मेदारी है। दूषित पेयजल से यदि कोई मौत होती है तो इसकी जिम्मेदारी निर्धारित की जाएगी। सभी कार्यपालन यंत्री बिगड़े हैण्डपंपों के सुधार की व्यवस्था सुनिश्चित करें। हैण्डपंपों के सुधार की प्रतिदिन रिपोर्ट लेकर प्रस्तुत करें। हैण्डपंपों के सुधार के लिए उपयंत्री, हैण्डपंप मकैनिक तथा अन्य तकनीकी अधिकारियों के फोन नम्बर एवं कंट्रोल रूम के नम्बर का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। जो नलजल योजनाएं ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित कर दी गई हैं उनमें भी पेयजल की आपूर्ति में पंचायतों को पीएचई सहयोग करें। कमिश्नर ने कहा कि पूर्ण नलजल योजनाओं को ग्राम पंचायतों को हैण्डओवर करें। नलजल योजनाओं से पेयजल आपूर्ति तथा हैण्डपंपों पर मैदानी अमले के माध्यम से निगरानी रखें। किसी भी बसाहट से दूषित पेयजल की सूचना मिलने पर कार्यपालन यंत्री तत्काल मौके पर पहुंचकर पेयजल स्त्रोत को शुद्ध करने की व्यवस्था करें। हैण्डपंपों के सुधार के लिए सभी विकासखण्डों में पर्याप्त मात्रा में राइजर पाइप उपलब्ध कराएं। अभी भी सीएम हेल्पलाइन में हैण्डपंपों के सुधार से संबंधित शिकायतें बड़ी संख्या में लंबित हैं। समुचित कार्यवाही करके इनका निराकरण कराएं। सभी विकासखण्डों में पर्याप्त मात्रा में सिंगल फेज मोटर उपलब्ध हैं। आवश्यकता होने पर हैण्डपंपों में तत्काल मोटर लगवाएं। पानी की गुणवत्ता की भी नियमित जाँच कराएं। कमिश्नर ने जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि कंदैला समूह नलजल योजना से सभी 109 गांवों में पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करें। निर्माण कार्य में देरी पर संबंधित ठेकेदार के विरूद्ध जुर्माने की कार्यवाही करें। सभी समूह नलजल योजनाओं की प्रगति की प्रत्येक 15 दिवस में रिपोर्ट प्रस्तुत करें। सभी के निर्माण स्थलों का आगामी सप्ताह निरीक्षण किया जाएगा। संबंधित अधिकारी तकनीकी प्रतिवेदन के साथ निर्माण स्थल पर उपस्थित रहें।

बैठक में अधीक्षण यंत्री पीएचई ने एसएल धुर्वे ने बताया कि संभाग में 94616 हैण्डपंप स्थापित हैं। इनमें से 92795 चालू हैं। शेष सुधार योग्य हैण्डपंपों में लगातार सुधार कराया जा रहा है। हैण्डपंपों में क्लोरीन तथा अन्य दवाओं से पानी का शुद्धीकरण लगातार किया जा रहा है।

## सफलता का कोई शॉर्ट-कट नहीं होता : उप-मुख्यमंत्री

### एक्सीलेंस अवॉर्ड्स-2024 कार्यक्रम में हुए शामिल

**रीवा**

उप-मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत तेज गति से प्रगति कर रहा है। आज नागरिकों के पास विकास की अनंत संभावनायें हैं। इन संभावनाओं का लाभ उठाकर भारत को विश्व की शीर्ष अर्थव्यवस्था बनाने के लिए सभी की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि दृढ़ इच्छाशक्ति से पूरे मनोयोग से प्रयास कर किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि लक्ष्य प्राप्ति का कोई शॉर्ट-कट नहीं होता। सफल व्यक्तियों के जीवन से उनके अथक प्रयास और लगन की सीख आम नागरिकों को मिलती है। जो उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है, साथ ही प्रगति की राह में मार्गदर्शन का कार्य भी करती है। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल होटल रेडिसन भोपाल में माईएफ़एम एक्सीलेंस अवॉर्ड्स-2024 कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन और अन्य विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं उद्यमियों को पुरस्कृत किया।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833